पत्र संख्या–एडी0कमि0 कैम्प / 2021–22 / 105 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(एडीशनल कमिश्नर कैम्प)

लखनऊ :: दिनांक :: दिसम्बर 21, 2021

01. एडीशनल कमिश्नर
(एस0टी0एफ0)
02. एडीशनल कमिश्नर
(टी0आर0यू0)
वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।

कृपया कमिश्नर कैम्प, वाणिज्य कर मुख्यालय के पत्र संख्या–308 दिनांक 01.11.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वाणिज्य कर मुख्यालय पर गठित एस0टी0एफ0 व टी0आर0यू0 अनुभागों के कार्यों की समीक्षा निकट भविष्य में कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 महोदया द्वारा करने हेतु निर्धारित प्रारूप में सूचना उपलब्ध कराने एवं प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई थी।

उपरोक्त संदर्भ में कमिश्नर महोदया द्वारा अपेक्षा की गई है कि उपरोक्त प्रेजेण्टेशन के माध्यम से दोनों अनुभागों की कल दिनांक 22.12.2021 को प्रातः 11.00 बजे समीक्षा की जाएगी।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि दोनों अनुभागों से सम्बन्धित सूचनाओं के आधार पर प्रेजेन्टेशन तैयार कर समीक्षा बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ समीक्षा बैठक में प्रकरण से सम्बन्धित फील्ड स्तर के अधिकारियों द्वारा भी वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया जाना अनिवार्य है।

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।
प्रतिलिपि :

1. समस्त सम्बन्धित जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त बैठक में स्वयं तथा अपने जोन के प्रकरण से सम्बन्धित अधिकारी के साथ वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
2. ज्वाइण्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि विभागीय वेबसाइट के नोटिस बोर्ड पर अपलोड करने एवं उपरोक्त डेस्कटॉप कान्फ्रेंसिंग बैठक हेतु समस्त अधिकारियों को ऑन लाइन माध्यम से जोड़े जाने की व्यवस्था करने हेतु।
3. ज्वाइण्ट कमिश्नर एवं वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी, कमिश्नर कैम्प, वाणिज्य कर मुख्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।

21/12/2021

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ।